उत्तर प्रदेश शासन

ग्राम्य विकास अनुभाग-6

संख्या-5/2018/94/अड़तीस-6-18-11(एसआरएलएम)/2017

लखनऊः दिनांक-16 फरवरी, 2018

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

भारत सरकार द्वारा मिशन अन्त्योदय का संचालन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत प्रदेश के 75 जनपदों से 10783 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। चयनित ग्रामों को निर्धारित मानक के अनुसार सर्वे किया जा चुका है। ग्रामों की सूची मिशन अन्त्योदय के वेब पोर्टल पर जनपदवार उपलब्ध है। भारत सरकार द्वारा दि0-16.11.2017 को आयोजित ग्राम्य विकास की पी.आर.सी. बैठक में आगामी 1000 दिनों में इन ग्राम पंचायतों को गरीबी मुक्त किए जाने का निश्चय किया गया है।

2- राज्य स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा कन्वर्जेन्स के माध्यम से चयनित ग्राम पंचायतों के आवश्यक विकास हेतु सर्वे उपरान्त आवश्यक अवशेष संसाधनों/कार्यों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की वर्तमान में चल रही योजनाओं के माध्यम से अभिसरण/ कन्वर्जेन्स द्वारा पूर्ण किया जाना है। विभागों द्वारा गरीब परिवारों के लिए विशेष योजनाएं बनाते हुए गरीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में शीघ्र ही कार्य किया जाना है।

3- भारत सरकार की पुस्तिका फ्रेम वर्क फार इम्प्लीमेंटेशन तथा ग्राम पंचायत में विकास की अपेक्षा के आधार पर विभिन्न विभागों का चयन किया गया है। भारत सरकार के अपेक्षित कार्य के सापेक्ष उत्तर प्रदेश में चयनित विभाग एवं निर्धारित कार्य बिन्दु का विवरण संलग्न है।

4- मिशन अन्त्योदय के अन्तर्गत कार्यों के सुचारू रूप से संचालन हेतु शासन स्तर पर "मिशन अन्त्योदय स्टीयरिंग कमेटी" का गठन निम्नवत किया जाता है:-

1-	मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन	-	अध्यक्ष
2-	कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन	-	उपाध्यक्ष
3-	प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन	-	सदस्य सचिव
4-	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव] वित्त /संस्थागत वित्त/पंचायती राज/ लोक निर्माण /चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण/सिंचाई एवं जल संसाधन/ऊर्जा/आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स/खाद्य एवं रसद/बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/पशुधन विभाग/लघु सिंचाई/ अतिरिक्त ऊर्जा/कृषि/समाज कल्याण/महिला कल्याण/दिव्यांग जन सशक्तिकरण/उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण/खादी एवं ग्रामोद्योग/ दुग्ध विकास/मत्स्य/सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम/ व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास/ग्रामीण अभियंत्रण /युवा कल्याण/महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।	-	सदस्य
5-	आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊA	-	सदस्य

अनुराग श्रीवास्तव

प्रमुख सचिव।

http://srsamadesh.up.nic.in

संख्या-5/2018/94(1)/अड़तीस-6-2018 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
3- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
4- प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
6- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव वित्त/संस्थागत वित्त/पंचायती राज/लोक निर्माण /चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण/सिंचाई एवं जल संसाधन/ऊर्जा/आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स/खाद्य एवं रसद/बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/पशुधन विभाग/लघु सिंचाई/ अतिरिक्त ऊर्जा/कृषि/समाज कल्याण/महिला कल्याण/दिव्यांग जन सशक्तिकरण/ उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण/खादी एवं ग्रामोद्योग/दुग्ध विकास/मत्स्य/सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम/व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास/ग्रामीण अभियंत्रण/युवा कल्याण/महिला बाल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- आयुक्त, ग्रामय विकास, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
8- गार्ड फाइल।

(अच्छे लाल सिंह यादव)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in